सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 236 | इंदौर, शुक्रवार 13 मार्च, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

# भाजपा ने बंगाल में तय किए 140 कैंडिडेट

● पिछली बार की 2 गलतियों से सबक, क्या बदलेगा



**नई दिल्ली, (एजेंसी)** पश्चिम बंगाल लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा ने तैयारियां तेज कर दी हैं। गुरुवार को दिल्ली में भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक हुई। खबर है कि इस मीटिंग में बंगाल चुनाव के लिए करीब 140 उम्मीदवारों के नाम तय कर लिए गए हैं। संभावना है कि अप्रैल के आखिर में ही बंगाल में चुनाव कराए जा सकते हैं। भाजपा के नए अध्यक्ष नितिन नवीन के पदभार संभालने के बाद चुनाव समिति की यह पहली बैठक थी। यह बैठक पीएम नरेंद्र मोदी के आधिकारिक आवास 7 लोक कल्याण मार्ग पर ही थी। आमतौर पर भाजपा मुख्यालय में ही ऐसी बैठकें होती थीं, लेकिन इस बार पीएम मोदी के आवास पर यह बैठक हुई।

राज्य में 294 विधानसभा सीटें हैं और भाजपा लगभग आधी सीटों पर सहमति बना चुकी है। माना जा रहा है कि इस संबंध में जल्दी ही ऐलान हो सकता है। भाजपा का फोकस है कि पहली लिस्ट जारी करने में बढ़त हासिल कर ली जाए। इसके अलावा कई पूर्व सांसदों को विधानसभा में उतारने का भी प्लान है। पहली लिस्ट में जिन लोगों के नाम आ सकते हैं, उनमें पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दिलीप घोष और पूर्व केंद्रीय मंत्री निसिथ प्रमाणिक और शुभेंदु अधिकारी शामिल हैं। हालांकि एक बदलाव पिछली बार के मुकाबले यह है कि मौजूदा सांसदों को नहीं उतारा जाएगा। 2021 के चुनाव में भाजपा 77 सीटों पर जीत हासिल करके मुख्य विपक्षी दल बन गई थी।

हालांकि कई विधायकों के पार्टी छोड़ने के चलते फिलहाल राज्य में उसके पास 65 की ही संख्या है। पार्टी सूत्रों का कहना है कि ज्यादातर विधायकों को फिर से टिकट मिल सकता है। एक रणनीति यह भी बदली है कि इस बार सिलेब्रिटी या फिर टीएमसी छोड़कर आने वाले लोगों को मौके नहीं दिए जाएंगे। ऐसा इसलिए क्योंकि दलबदलुओं के फिर से दूसरे खेमे में जाने की संभावना अधिक रहती है। इसके अलावा सिलेब्रिटी स्टेटस रखने वाले लोग भी कुछ समय बाद राजनीतिक सक्रियता कम कर देते हैं। ऐसी स्थिति में पार्टी के पुराने नेताओं और वफादारों को ही मौका दिया जाएगा। ऐसा इसलिए, ताकि कैडर उत्साहित रहे और जनता के बीच यह छवि भी बने कि भाजपा में आम कार्यकर्ताओं का सम्मान किया जाता है।

### क्यों भाजपा ने इस बार बदल दी 2021 वाली रणनीति

2021 के चुनाव में भाजपा के टिकट पर उतरे कई नेताओं ने बाद में पाला बदल लिया था। ऐसे में भाजपा ने शायद सबक सीखा है। तब भाजपा ने टीएमसी से आए कई नेताओं और फिल्मी कलाकारों को खूब मौके दिए थे। उम्मीदवारों के चयन में जिताऊ फैक्टर को ध्यान में रखा गया है। इसके अलावा संगठन क्षमता, जाति समीकरण और संगठन के लिए प्रतिबद्धता जैसे फैक्टरों पर भी ध्यान दिया जा रहा है।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नई दिल्ली में केन्द्रीय कृषि मंत्री श्री चौहान से की मुलाकात

# सरसों की खरीदी के लिए भावांतर भुगतान योजना को मिली केन्द्र से स्वीकृति

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सतत् प्रयासों का परिणाम है कि मध्यप्रदेश के किसानों को केंद्र सरकार से बड़ी राहत और कई महत्वपूर्ण मंजूरियां मिली हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरुवार को नई दिल्ली में केंद्रीय कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात कर राज्य के किसानों और ग्रामीण विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की। बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री प्रह्लाद सिंह पटेल और वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। इस उच्च स्तरीय चर्चा में ग्रामीण सड़कों सहित अनेक विषयों पर मध्यप्रदेश को बड़ी राहत देने वाले निर्णय लिये गये।**

### सरसों किसानों को मिलेगा भावांतर भुगतान

मुख्यमंत्री डॉ. यादव के आग्रह पर सरसों की खरीद से जुड़े मुद्दों पर महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। केंद्रीय कृषि मंत्री श्री चौहान ने भावांतर भुगतान योजना के तहत मध्यप्रदेश के प्रस्ताव को मंजूरी देते हुए संबंधित विभागों को भुगतान प्रक्रिया तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए। इससे राज्य के सरसों उत्पादक किसानों को सीधा लाभ मिलेगा।



### तुअर की शत-प्रतिशत खरीद का मार्ग प्रशस्त

केंद्रीय मंत्री श्री चौहान ने बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. यादव को तुअर (अरहर) की शत-प्रतिशत सरकारी खरीद का स्वीकृति-पत्र भी सौंपा। इस निर्णय से मध्यप्रदेश के तुअर उत्पादक किसानों की उपज का पूर्ण सरकारी उपार्जन सुनिश्चित होगा, जिससे उन्हें बाजार में भाव गिरने का जोखिम नहीं उठाना पड़ेगा और आय में स्थिरता आयेगी।

### दलहन–तिलहन उत्पादन बढ़ाने की दिशा में पहल

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश को दलहन और तिलहन उत्पादन का अग्रणी केंद्र बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। इस पर केंद्र और राज्य की संयुक्त टीम द्वारा मूंग, उड़द, चना, तिल, सरसों और पाम ऑयल जैसी फसलों के लिए दीर्घकालिक रणनीति तैयार करने पर सहमति बनी।

### फसल बीमा में किसानों के हितों की सुरक्षा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में किसानों के हितों की बेहतर सुरक्षा का मुद्दा भी उठाया। केंद्रीय मंत्री श्री चौहान ने निर्देश दिए कि सोयाबीन जैसी फसलों के आंकलन में केवल सैटेलाइट डेटा के बजाय क्रॉप कटिंग और रिमोट सेंसिंग तरीकों का उपयोग किया जाए, जिससे किसानों को वास्तविक नुकसान के आधार पर मुआवजा मिल सके।

### कृषि से जुड़े मुद्दों और योजनाओं की हुई समीक्षा

बैठक में मध्यप्रदेश के लिए सरसों और सोयाबीन के भावांतर भुगतान, दलहन मिशन के तहत मूंग-उड़द के अतिरिक्त लक्ष्य, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, मृदा स्वास्थ्य एवं उर्वरता कार्यक्रम, मनरेगा मजदूरी और सामग्री भुगतान, प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से जुड़े मुद्दों पर बिंदुवार चर्चा की गई। केन्द्रीय मंत्री श्री चौहान ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि मध्यप्रदेश से जुड़े लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता से निपटाया जाए, जिससे राज्य के किसानों, मजदूरों और ग्रामीण गरीबों को शीघ्र राहत मिल सके।

### ग्रामीण विकास योजनाओं को मिलेगी गति

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार किसानों के हितों के लिए प्रतिबद्ध है और मध्यप्रदेश में वर्ष 2026 को किसान कल्याण वर्ष के रूप में मनाते हुए किसानों की आय बढ़ाने और ग्रामीण विकास को नई गति देने के लिए राज्य सरकार लगातार काम कर रही है। केन्द्रीय कृषि मंत्री श्री चौहान ने मध्यप्रदेश में वर्ष 2026 को किसान कल्याण वर्ष के रूप में मनाये जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश मेरा अपना घर है।

# छोटा नेहरू स्टेडियम का नाम अब छत्रपति शिवाजी स्टेडियम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। गुरुवार को नगर निगम मुख्यालय के महापौर सभागृह में मेयर-इन-कौंसिल (एमआईसी) की बैठक हुई। बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा के बाद कई प्रस्तावों को स्वीकृति दी गई। बैठक में छोटा नेहरू स्टेडियम का नाम बदलने के प्रस्ताव को मंजूरी देते हुए इसका नाम छत्रपति शिवाजी स्टेडियम करने का निर्णय लिया गया। वहीं, नगर निगम को आत्मनिर्भर बनाने के लिए मार्केट्स को डेवलप कर रेवेन्यू जनरेशन बढ़ाने पर भी चर्चा हुई।**

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने बताया कि



नगर निगम इंदौर का वार्षिक बजट इसी माह के अंत में प्रस्तुत किया जाएगा। इसे लेकर एमआईसी में विस्तार से चर्चा की गई और सदस्यों से सुझाव भी लिए गए। उन्होंने कहा कि आने वाला बजट शहर की मूलभूत सुविधाओं के विकास की दृष्टि से महत्वपूर्ण होगा। महापौर ने बताया कि नगर निगम की स्वामित्व वाली कुछ जमीनों को फ्रीहोल्ड लीज पर देने के प्रस्ताव पर भी चर्चा हुई, लेकिन सर्वसम्मति से फिलहाल ऐसे किसी भी प्रस्ताव पर आगे नहीं बढ़ने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि निगम अपनी संपत्ति बेचकर आय अर्जित करने की कोई योजना नहीं बना रहा है। बैठक में शहर की पार्किंग व्यवस्था को लेकर भी निर्णय लिए गए। छह नई पार्किंग के टेंडर निकालने की स्वीकृति दी गई। इसके अलावा तुलसी नगर पुलिया से निपानिया तक सड़क की स्ट्रेंथनिंग सहित अन्य कार्य 13 करोड़ रुपए की लागत से कराए जाएंगे। इसके लिए टेंडर जारी करने की मंजूरी भी दी गई है। साथ ही झोन समितियों को मजबूत करने के लिए विशेष प्रावधान को भी स्वीकृति दी गई। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि मीडिया में यह चर्चा चल रही थी कि नगर निगम अपनी संपत्ति बेचकर आय अर्जित करने की योजना बना रहा है। एमआईसी में इस विषय पर चर्चा जरूर होती है, लेकिन फिलहाल ऐसा कोई निर्णय नहीं लिया गया है। उन्होंने कहा कि निगम भविष्य में पीपीपी मोड और सीएसआर के माध्यम से मार्केट्स को डेवलप कर रेवेन्यू बढ़ाने की दिशा में काम करेगा।

# पुलिस कमिश्नर ने बांटे हेलमेट जिम्मेदार चालकों को दिए गिफ्ट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। लोगों को ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए शहर में लगातार जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। गुरुवार को इंदौर के पलासिया चौराहे पर पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह सहित अन्य आला अधिकारियों की मौजूदगी में इंदौर ट्रैफिक पुलिस ने 23वां 'हेलमेट पहनें-सुरक्षित रहें' वृहद जागरूकता अभियान चलाया।**



पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह ने युवा, बुजुर्ग और जरूरतमंद ऐसे वाहन चालकों को हेलमेट पहनाए, जिनके पास रजिस्ट्रेशन, लाइसेंस व अन्य दस्तावेज पूरे थे। वहीं, जिन वाहन चालकों द्वारा नियमों का उल्लंघन किया गया, उनका पहले चालान किया गया, फिर सुरक्षा का महत्व समझाते हुए उन्हें हेलमेट दिए गए। इस अभियान में ऐसे जिम्मेदार टू-व्हीलर वाहन चालक भी शामिल हुए, जो पहले से हेलमेट लगाए हुए मिले। पुलिस कमिश्नर व अधिकारियों ने ऐसे जिम्मेदार चालकों की तारीफ करते हुए उन्हें गिफ्ट दिए। बता दें कि सड़क सुरक्षा का महत्व सझाने के लिए ट्रैफिक पुलिस द्वारा लगातार हेलमेट जागरूकता प्रोग्राम आयोजित किए जा रहे हैं और अभी तक 23 कार्यक्रमों में 3700 से ज्यादा हेलमेट भी वितरित किए जा चुके हैं, ताकि वाहन चालक हादसों की गंभीरता को समझें और ट्रैफिक नियमों का पालन करें। पुलिस कमिश्नर ने वाहन चालकों से कहा कि इंदौर शहर में सुगम और सुरक्षित ट्रैफिक व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगातार लोगों को जागरूक करने व सड़क सुरक्षा में उनकी सहभागिता बढ़ाने के उद्देश्य से नए-नए कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। कार्यक्रमों का उद्देश्य यही है कि वाहन चालक सड़क सुरक्षा नियमों की गंभीरता को समझें और स्वयं ट्रैफिक नियमों का पालन करें। उन्होंने कहा कि इस अभियान को आगे बढ़ाने के लिए जिम्मेदार वाहन चालकों को आगे आना चाहिए और अन्य लोगों को भी सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक करना चाहिए। इस आयोजन में कई वाहन चालकों ने पुलिस कमिश्नर से अपने अनुभव साझा करते हुए संकल्प लिया कि वे न केवल ट्रैफिक नियमों का पालन करेंगे, बल्कि दूसरे लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे।

**सनातन प्रीमियर लीग का उद्घाटन**

# मेरा एक ही एजेंडा है, युवाओं को मिल जाए डंडा और झंडा

**इंदौर। देश में सनातन की मुखर आवाज उठाने वाले कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर इन दिनों इंदौर में हैं। मौका है 'सनातन प्रीमियर लीग' (एसपीएल) का।**



खेल के जरिए युवाओं को जोड़ने का दावा करने वाले देवकीनंदन ठाकुर से जब क्रिकेट पर बात की, तो बड़े-बड़े 'शॉट्स' लगाए, लेकिन जैसे ही सवाल प्रयागराज के कुंभ में वायरल हुई खरगोन की मोनालिसा और 'लव जिहाद' जैसे चर्चित मुद्दे पर आया, तो वे डिफेंसिव हो गए। सनातन बचाने की हुंकार भरने वाले महाराज कैमरे के सामने इस विवादित सवाल से बचकर निकलते नजर आए। इंदौर में शुरू हुई इस अनूठी क्रिकेट लीग को लेकर देवकीनंदन ठाकुर बेहद उत्साहित दिखे। जब उनसे पूछा गया कि इस पूरी लीग का मुख्य उद्देश्य या एजेंडा क्या है, तो उन्होंने अपने चिर-परिचित अंदाज में कहा-मेरा एक ही एजेंडा है। युवाओं को मिल जाए डंडा और झंडा। हर युवा चाहता है कि उसका करियर उसकी पसंद के क्षेत्र में बने। हमारा मकसद इन बच्चों का करियर बनाना है। महाराज का इशारा साफ था कि वे खेल के मैदान के जरिए युवाओं में धार्मिक गौरव और शारीरिक मजबूती (अनुशासन) दोनों भरना चाहते हैं। अक्सर खेल लीगों में भारी भरकम फीस और सिलेक्शन के नाम पर वसूली की खबरें आती हैं, लेकिन देवकी नंदन ठाकुर ने दावा किया कि यह लीग पूरी तरह सेवा भाव से प्रेरित है। जब सवाल उठा कि बिना किसी फीस के इतना बड़ा आयोजन कैसे हो रहा है, तो महाराज ने मुस्कुराते हुए कहा- 'यह सब समाज के सहयोग से हो रहा है। अगर किसी समाजसेवी ने 100 रुपए कमाए हैं, तो हम उनसे हक से 5 रुपए मांग लेते हैं कि हमें इन बच्चों का भविष्य बनाना है। बस इसी जन-सहयोग से यह निर्माण हो रहा है।' देवकीनंदन ठाकुर अक्सर अपने मंचों से कहते हैं कि 'सनातन की बेटियों को बचाना होगा', लेकिन जब कैमरे के सामने एक ताजा उदाहरण (मोनालिसा केस) आया, तो उन्होंने कन्नी काट ली। इंदौर की इस प्रीमियर लीग में जहां एक तरफ बल्ला घूमेगा और 'जय श्री राम' के नारे गूंजेंगे, वहीं दूसरी ओर महाराज की यह चुप्पी चर्चा का विषय बन गई है।

## प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 22वीं किश्त 13 मार्च को होगी जारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 22वीं किश्त का वितरण 13 मार्च शुक्रवार को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किया जायेगा। सम्मान निधि योजना से इंदौर जिले के 680 ग्रामों के 74 हजार 140 हितग्राही किसान लाभान्वित होंगे। इस अवसर पर इंदौर में जिला स्तरीय कार्यक्रम कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष क्रमांक-110 में होगा। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत देशभर के किसानों को 22वीं किश्त का वर्चुअली कार्यक्रम के माध्यम से वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम का लाईव प्रसारण असम के गुवाहाटी से होगा। इंदौर में कार्यक्रम का वेब कास्ट (https://webcast.gov.in/mp/cmevents) पर सजीव प्रसारण किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत प्रदेश के पात्र हितग्राहियों को वर्ष में कुल 6 हजार रुपये की राशि तीन समान किस्तों में प्रदान की जाती है।

# बीएसएनएल के बकाया जमा करने पर मिलेगी 50 प्रतिशत तक की छूट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार आगामी 14 मार्च (शनिवार) को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। नेशनल लोक अदालत में बीएसएनएल द्वारा उपभोक्ताओं की सुविधा हेतु जिला न्यायालय इंदौर एवं तहसील महू में बकाया लैंडलाइन, ब्रॉडबैंड, एफटीटीएच सहित मोबाइल पोस्टपेड बिल संबंधित प्रीलिटिगेशन प्रकरणों का निपटान किया जाएगा। बीएसएनएल के उपभोक्ताओं द्वारा अपने बकाया बिलों की राशि लोक अदालत में जमा करने पर उन्हें नियमानुसार 10 प्रतिशत से 50 प्रतिशत की आकर्षक छूट का लाभ दिया जाएगा। उपभोक्ताओं के अनुरोध पर उन्हें पुनः लीज्ड सर्किट, लैंडलाइन, ब्रॉडबैंड एवं एफटीटीएच सहित मोबाइल सेवाएं प्रदाय की जाएंगी। बीएसएनएल के उपभोक्ता अपने बिल संबंधित प्रकरणों का बीएसएनएल नेहरू पार्क स्थित कार्यालय के राजस्व अनुभाग में भी व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर समाधान/निपटान करवा सकते हैं।

**अवैध गैस गोदाम पर छापा**

# 66 सिलेंडर, मोटर और बुलेट जब्त



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। गैस सिलेंडरों के अवैध भंडारण, दुरुपयोग और कालाबाजारी के खिलाफ जिला प्रशासन लगातार कार्रवाई कर रहा है। इसी कड़ी में गुरुवार को कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देश पर खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग की टीम ने छापामार कार्रवाई करते हुए एक अवैध गैस गोदाम पर कार्रवाई की।**

जिला आपूर्ति नियंत्रक एम.एल. मारू के मार्गदर्शन में गठित दल ने गुरवार को निरीक्षण करते हुए छापामार कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान न्यू लोहा मंडी क्षेत्र में हरिओम गुप्ता के अवैध गैस गोदाम पर छापा मारा गया। छापे के दौरान 24 व्यावसायिक गैस सिलेंडर और 42 घरेलू गैस सिलेंडर सहित कुल 66 सिलेंडर बरामद किए गए। इसके अलावा गैस रिफिलिंग में इस्तेमाल होने वाली तीन इलेक्ट्रिक मोटर और दो तौल कांटे भी मौके से जब्त किए गए। इस दौरान यह भी पाया गया कि बड़े पैमाने पर गैस सिलेंडरों को लाने-ले जाने और रिफिलिंग के काम में बुलेट का इस्तेमाल किया जा रहा था। टीम ने इस बुलेट गाड़ी को भी जब्त कर लिया। छापे के समय आरोपी मौके से फरार हो गया। टीम ने गोदाम में रखे सभी सिलेंडर और उपकरण जब्त करते हुए अवैध भंडारण स्थल को सील कर दिया है। मामले में आवश्यक जांच एवं वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई में कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी अंकुर गुप्ता, सुचित्रा दुबे और अजय अस्थाना सहित विभागीय दल मौजूद रहा।

# एलपीजी सिलेंडरों की उपलब्धता और कालाबाजारी रोकने के लिए जिले में कंट्रोल रूम स्थापित

- गैस सिलेंडरों से जुड़ी समस्या और शिकायतों का होगा समाधान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। जिले में एलपीजी सिलेंडरों की सुचारू उपलब्धता और कालाबाजारी पर रोक लगाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने कंट्रोल रूम स्थापित किया है। आम उपभोक्ता गैस सिलेंडर से जुड़ी किसी भी समस्या, शिकायत या सुझाव के लिए कंट्रोल रूम के हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क कर सकेंगे।**

कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देशानुसार जिले में घरेलू सिलेंडरों की सहज उपलब्धता और वितरण व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए जिला स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। इसके लिए हेल्पलाइन नंबर 0731-2993900 जारी किया गया है।

जिला आपूर्ति नियंत्रक श्री एम.एल. मारू ने बताया कि इंदौर जिले में गैस की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने, उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की परेशानी से बचाने तथा घरेलू और कमर्शियल गैस सिलेंडरों की अवैध बिक्री एवं कालाबाजारी पर रोक लगाने के लिए यह व्यवस्था की गई है।

जिला स्तर पर गठित कंट्रोल रूम में सहायक आपूर्ति अधिकारी श्रीमती कल्पना परामानिक (मोबाइल नम्बर 9399142251), कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी श्री सवेसिंह गामड़ (8120041922) सहित कम्प्यूटर ऑपरेटर श्री अंकित नागर (9200249020), श्री रोहित बर्मन (8085799812), श्री महेश जगताप (6260271176) और श्री अब्दुल समद (9926062731) को तैनात किया गया है।

आम उपभोक्ता अपनी शिकायत या सुझाव कंट्रोल रूम हेल्पलाइन नंबर 0731-2993900 पर दर्ज करा सकते हैं या फिर कलेक्टोरेट कार्यालय के कक्ष क्रमांक 221 में कार्यालयीन समय में स्वयं उपस्थित होकर भी जानकारी दे सकते हैं। कंट्रोल रूम प्रभारी और उनकी टीम प्राप्त शिकायतों को पंजी में दर्ज कर उनके त्वरित निराकरण की कार्वाई सुनिश्चित करेगी।

# मिलावटखोरों पर सख्ती : इंदौर-मानपुर रोड स्थित क्यूब स्टॉप रेस्टोरेंट का किचन बंद, कई खाद्य नमूने जांच हेतु भेजे गए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा मिलावटखोरों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देशों के अनुपालन में कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा प्रशासन, इंदौर द्वारा जिले में खाद्य प्रतिष्ठानों के विरुद्ध सतत निरीक्षण एवं सैंपलिंग की कार्रवाई की जा रही है। गुरुवार को इसी क्रम में इंदौर-मानपुर रोड स्थित क्यूब स्टॉप रेस्टोरेंट का निरीक्षण किया गया, जहां किचन में अत्यंत अस्वच्छ स्थिति में खाद्य पदार्थों का निर्माण और संग्रहण पाया गया। निरीक्षण के दौरान फफूंदी लगी सब्जियां, खुले में रखे खाद्य पदार्थ तथा फ्रिज में पुराने और खराब खाद्य पदार्थ भी पाए गए। कर्मचारियों द्वारा व्यक्तिगत स्वच्छता का पालन नहीं किया जा रहा था तथा किचन परिसर में चूहों की आवाजाही भी पाई गई।**



### मोबाइल फूड टेस्टिंग लैब से जनजागरूकता

खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा चलित खाद्य प्रयोगशाला वाहन के माध्यम से माँ वैष्णो देवी रेस्टोरेंट एंड होटल एवं जय महाकाल रेस्टोरेंट, मानपुर (महू) क्षेत्र में जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान खाद्य कारोबारकर्ताओं एवं कर्मचारियों को व्यक्तिगत स्वच्छता, खाद्य पदार्थों के सुरक्षित रखरखाव, परिसर की साफ-सफाई तथा अखाद्य रंगों के उपयोग से बचने के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही मिलावट की पहचान के सरल घरेलू तरीकों का प्रदर्शन कर प्रशिक्षण भी दिया गया।

### ईट राइट इंडिया अभियान में बड़ी उपलब्धि

खाद्य सुरक्षा प्रशासन, इंदौर द्वारा ईट राइट इंडिया अभियान के अंतर्गत लगातार प्रमाणन कार्य किए जा रहे हैं। केंद्र सरकार द्वारा संचालित ईट राइट चैलेंज के विभिन्न चरणों में देश में प्रथम स्थान प्राप्त करने के बाद अब श्री अरविंदो इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस, इंदौर को भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा "ईट राइट कैंपस" प्रमाणन प्रदान किया गया है। यह उपलब्धि जिले में सुरक्षित और स्वस्थ खाद्य संस्कृति को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा मिलावट के विरुद्ध कार्रवाई एवं जनजागरूकता गतिविधियां आगे भी निरंतर जारी रहेंगी।

उक्त रेस्टोरेंट का संचालन हाईवे एमेनिटीज डेवलपर प्राइवेट लिमिटेड द्वारा "क्यूब स्टॉप" ब्रांड नाम से किया जा रहा था। मौके पर मैनेजर महेश हीरे उपस्थित पाए गए। निरीक्षण के दौरान परिसर से पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर एवं पनीर के नमूने जांच के लिए लिए गए तथा गंभीर अनियमितताओं को देखते हुए रेस्टोरेंट के किचन में खाद्य निर्माण कार्य को सुधार किए जाने तक तत्काल प्रभाव से बंद करा दिया गया।

इसी कार्रवाई के अंतर्गत मानपुर तहसील, महू क्षेत्र में भी विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। यशराज रेस्टोरेंट से प्रभारी विक्रेता के हस्ते लस्सी एवं दही के नमूने लिए गए। मुंशी ढाबा से प्रभारी विक्रेता मोहम्मद हसन के हस्ते तुअर दाल एवं चिकन ग्रेवी के नमूने लिए गए। वहीं अभिषेक इंटरप्राइजेज से प्रोपराइटर अभिषेक शर्मा के हस्ते सुरभि नमकीन लोंग सेव, खट्टा-मीठा मिक्सचर एवं पाम तेल के नमूने लिए गए। निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठान में आवश्यक दस्तावेजों की कमी पाए जाने पर नोटिस जारी करने की कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर शिवम वर्मा ने बताया कि नागरिकों को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। लिए गए सभी नमूनों को विस्तृत परीक्षण हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, भोपाल भेजा जा रहा है। विश्लेषण रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के अंतर्गत नियमानुसार अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। खजराना थाना क्षेत्र की सम्राट कॉलोनी में रहने वाले एक युवक ने गुरुवार सुबह फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक ने रोजा रखा था और सेहरी करने के बाद कमरे में जाकर फांसी लगा ली। सुसाइड से पहले उसने मोबाइल के स्टेटस पर परिवार से माफी मांगते हुए संदेश भी लिखा था। पुलिस को आशंका है कि कर्ज के दबाव के चलते युवक ने यह कदम उठाया होगा।

खजराना पुलिस के अनुसार फरमान (21) पुत्र नौशाद पठान निवासी सम्राट कॉलोनी ने अपने घर में फांसी लगाकर जान दे दी। गुरुवार सुबह वह सेहरी करने के लिए उठा था। इसके बाद वापस कमरे में जाकर सोने चला गया। कुछ समय बाद उसकी मां उसे देखने कमरे में पहुंची तो वह फंदे पर लटका मिला। पुलिस के अनुसार फरमान ने आत्महत्या से पहले अपने मोबाइल के स्टेटस पर एक संदेश भी पोस्ट किया था। इसमें उसने लिखा कि वह यह कदम अपनी मर्जी से उठा रहा है और किसी को दोष न दिया जाए। उसने परिवार से माफी मांगते हुए



लिखा कि उसके जाने के बाद सभी आपस में मिलजुल कर रहें और भाई से माता-पिता का ध्यान रखने की बात कही। फरमान ने अपने संदेश में अपनी मंगेतर सना के लिए भी लिखा कि वह उससे बहुत प्यार करता है और जीवनभर साथ निभाने का वादा किया था, लेकिन परिस्थितियों के कारण अब उसे उसका साथ छोड़ना पड़ रहा है। उसने जिन लोगों से कर्ज लिया था, उनसे भी माफी मांगी और कहा कि वह अपनी जिंदगी में कुछ सही नहीं कर पा रहा था। परिजनों के अनुसार फरमान प्लंबिंग का काम करता था। उसके पिता नगर निगम में सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत हैं। परिवार में एक भाई और एक बहन भी हैं। पुलिस ने फरमान का मोबाइल जब्त कर लिया है और पूरे मामले की जांच की जा रही है।

### फर्जी एफडी से जमानत दिलाने का मामला

# जमानतदार और एक अन्य आरोपी पर एफआईआर दर्ज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। जिला न्यायालय के आदेश के बाद पुलिस ने फर्जी जमानत लेने के मामले में तीन लोगों के खिलाफ दो अलग-अलग एफआईआर दर्ज की हैं। आरोप है कि एनडीपीएस के एक प्रकरण में फर्जी एफडी (फिक्स्ड डिपॉजिट) के दस्तावेज प्रस्तुत कर जमानत दिलाई गई थी।**

मामले में एमजी रोड पुलिस स्टेशन ने जाकिर पुत्र माजिद हुसैन निवासी सदर बाजार, मोहसीन पुत्र एजाज निवासी जावरा और शाहनवाज पुत्र एजाज खान के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। कार्रवाई जिला न्यायालय के आदेश के बाद की गई है। कोर्ट में हुई जांच में सामने आया कि जाकिर ने मोहसीन की जमानत के लिए एक लाख रुपए की एफडी का दस्तावेज प्रस्तुत किया था, जिसके आधार पर अदालत ने जमानत मंजूर कर दी थी। एफडी में राशि सात वर्ष तक जमा रहने की शर्त थी, लेकिन जमानत मिलने के कुछ ही दिनों बाद जाकिर ने एफडी की राशि निकाल ली। इस मामले में वकील की ओर से आपत्ति दर्ज कराए जाने के बाद अदालत को इसकी जानकारी दी गई। जांच के बाद अदालत ने मोहसीन की जमानत निरस्त कर दी और जाकिर तथा शाहनवाज के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिए। जांच के दौरान इसी तरह का एक और मामला सामने आया, जिसमें जाकिर ने फर्जी तरीके से जमानत के लिए एफडी पेश की और बाद में उससे जुड़ी राशि खातों से निकाल ली थी। पुलिस अब इस फर्जीवाड़े में शामिल जाकिर और उसके दो साथियों की तलाश कर रही है।

# किशोर ने प्रेमानंद महाराज के लिए छोड़ा घर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। मोबाइल पर प्रेमानंद महाराज के वीडियो और रील देखने वाले एक 15 वर्षीय किशोर पर उनकी बातों का इतना प्रभाव पड़ा कि वह घर छोड़ कर निकल गया। उसने परिवारवालों के लिए एक पत्र भी छोड़ा। जिसमें लिखा कि- मां, पापा, भैया और दीदी मैं अपने असली परिवार के पास जा रहा हूं। आप लोग मुझे खोजना मत और न ही रोना। मैं अपने माता-पिता के पास जा रहा हूं। परिजनों ने किशोर के लापता होने पर थाने में रिपोर्ट लिखवाई। पुलिस ने गुमशुदगी का केस दर्ज कर किशोर की तलाश शुरू कर दी है।**



यह घटना इंदौर की कृष्णपुरा कॉलोनी में हुई। यहां रहने वाले एक परिवार ने थाने में अपने बेटे के लापता होने की शिकायत की और कहा कि किशोर ने एक पत्र भी छोड़ा है। किशोर मोबाइल फोन भी चलाता था। जांच में पता चला कि किशोर ने देहरादून जाने वाली ट्रेन भी गूगल पर सर्च की। इसके बाद अब वहां की पुलिस को भी बच्चे की तस्वीर व अन्य दस्तावेज भेजकर अलर्ट कर दिया गया है। बच्चे ने अपने एक साथी से घर से निकलने के लिए पांच सौ रुपये लिए थे। पत्र में यह भी जिक्र किया कि उसके दोस्त को पांच सौ रुपये लौटा देना। परिजनों ने बताया कि वह संत प्रेमानंद महाराज जी से काफी प्रभावित था और उनके प्रवचन सुनता था और अक्सर उनके बारे में बात करता था। वह रोज मंदिर भी जाता था और पूजा पाठ भी करता था। उन्होंने आशंका जताई है कि किशोर उनके आश्रम की तरफ रवाना नहीं हो गया। उसे रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन सहित अन्य स्थानों पर परिजनों ने खोजा है।

# सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर ओए इंदौरी ने तोड़े ट्रैफिक रूल्स

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। चर्चित सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर ओए इंदौरी उर्फ रॉबिन जिंदल विवादों में आ गए हैं। मामला ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन से जुड़ा है। उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वह सड़क पर वाहन चलाते समय ट्रैफिक नियमों की अनदेखी करते नजर आ रहे हैं। वीडियो सामने आने के बाद यूजर्स ने नाराजगी जताई है। कई लोगों का कहना है कि जिन लोगों को लाखों लोग फॉलो करते हैं, उन्हें सड़क पर नियमों का पालन कर दूसरों के लिए उदाहरण पेश करना चाहिए।



बताया जा रहा है कि वायरल वीडियो में ओए इंदौरी वाहन चलाते समय सुरक्षा नियमों की अनदेखी करते दिखाई दे रहे हैं। रॉबिन जिंदल पहले बुलेट को बिना हेलमेट के चला रहे हैं। इतना ही नहीं, इसके बाद वह बाइक की टंकी पर बैठे नजर आते हैं। फिर फिल्मी अंदाज में बुलेट की टंकी पर एक युवती को बैठाकर बाइक चलाते दिखाई दे रहे हैं।

सूत्रों के अनुसार, यदि जांच में ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन पाया जाता है तो उनके खिलाफ चालानी कार्रवाई की जा सकती है। फिलहाल यह वीडियो सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बना हुआ है और लोग इस पर अलग-अलग प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। कुछ दिन पहले अलग-अलग मामलों में कई इन्फ्लुएंसर्स को नियम तोड़ने और कानून हाथ में लेने के चलते क्राइम ब्रांच थाने बुलाकर समझाइश दी गई थी। हालांकि उनके खिलाफ किसी तरह की कार्रवाई नहीं की गई थी। गौरतलब है कि इससे पहले भी ओए इंदौरी (रॉबिन जिंदल) एक महिला द्वारा लगाए गए शादी का झांसा देकर शोषण के आरोपों को लेकर चर्चा में रह चुके हैं, लेकिन बाद में कोर्ट से उन्हें बरी कर दिया गया था। ऐसे में एक बार फिर उनका नाम विवादों में आने से सोशल मीडिया पर बहस तेज हो गई है। कुछ दिन पहले रॉबिन ने नगर निगम के खिलाफ भी एक वीडियो बनाया था, जिस पर उन्हें काफी ट्रोल किया गया था।

# लाडली बहनों को आज मिलेगी 34वीं किस्त

## ग्वालियर में आयोजित सम्मेलन से सीएम अंतरित करेंगे राशि

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री मोहन यादव शुक्रवार को ग्वालियर जिले के घाटीगांव स्थित शबरी माता मंदिर में आयोजित लाडली बहना सम्मेलन में बड़ी सौगात देंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री प्रदेश की 1 करोड़ 25 लाख से अधिक महिलाओं के बैंक खातों में 1836 करोड़ रुपये से अधिक की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरित करेंगे। यह राशि मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना की 34वीं किस्त के रूप में दी जाएगी।**

प्रदेश सरकार महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण को प्राथमिकता दे रही है। इसी क्रम में योजना के तहत नवंबर 2025 से




मासिक सहायता राशि में 250 रुपये की बढ़ोतरी की गई है। अब पात्र महिलाओं को हर महीने 1500 रुपये की आर्थिक सहायता दी जा रही है। मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना जून 2023 में तत्कालीन शिवराज सरकार द्वारा शुरू की गई थी। इस योजना के तहत महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने का प्रयास किया जा रहा है। जून 2023 से फरवरी 2026 तक योजना की 33 किस्तों का भुगतान किया जा चुका है। इस अवधि में महिलाओं के खातों में करीब 54,140 करोड़ रुपये की राशि सीधे भेजी गई है। प्रदेश सरकार का कहना है कि आगे चलकर योजना से जुड़ी महिलाओं को केवल आर्थिक सहायता तक सीमित नहीं रखा जाएगा। उन्हें कौशल विकास, रोजगार और स्वरोजगार के अवसरों से भी जोड़ा जाएगा, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें और परिवार व समाज की प्रगति में भागीदारी कर सकें। सम्मेलन के दौरान मुख्यमंत्री ग्वालियर जिले में लगभग 122 करोड़ रुपये की लागत के 54 विकास कार्यों का भूमि-पूजन और लोकार्पण भी करेंगे।

# अब दूध बेचने वालों के लिए लाइसेंस जरूरी



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मध्यप्रदेश में अब डेयरी सहकारी समितियों को छोड़कर सभी दूध उत्पादकों और दूध विक्रेताओं को लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा। राज्य सरकार ऐसे सभी दुग्ध उत्पादकों और विक्रेताओं के पंजीकरण की प्रक्रिया भी शुरू करेगी। इसके साथ ही दूध संग्रह, परिवहन में उपयोग होने वाले उपकरणों और भंडारण व्यवस्था की जांच के निर्देश भी दिए गए हैं। सरकार का मानना है कि इससे मिलावटी दूध और दुग्ध उत्पादों पर रोक लगाने में मदद मिलेगी। राज्य में ऐसे दूध उत्पादकों और विक्रेताओं की पहचान की जाएगी जो अभी तक पंजीकृत नहीं हैं। इसके अलावा दूध से जुड़ी गतिविधियों की निगरानी की मासिक रिपोर्ट भी तैयार की जाएगी।

## सिलेंडर की सप्लाई ठप...

# उपभोक्ता मजबूरी में महंगे दामों पर सिलेंडर खरीदने को मजबूर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मध्य प्रदेश में 3 दिन से कमर्शियल सिलेंडर की सप्लाई ठप है। घरेलू सिलेंडर की वेटिंग भी 5 से 7 दिन की हो गई है। ऑयल कंपनियों ने 15% गैस ही उपलब्ध होने की बात कही है, जो इमरजेंसी सेवा और घरों के लिए ही उपयोग हो सकेगी। कुछ शहरों के उपभोक्ता सिलेंडर की कालाबाजारी के आरोप लगा रहे हैं।**



रीवा में गैस एजेंसी के बाद सुबह से कतार में लगे उमेश शुक्ला ने बताया कि दोपहर बाद तक सिलेंडर नहीं मिल पाया। दलाल 900 का सिलेंडर 1700 से लेकर 2000 रुपए तक में सिलेंडर बेच रहे हैं। उपभोक्ता मजबूरी में महंगे दामों पर सिलेंडर खरीदने को मजबूर हैं। इधर, ऑयल कंपनियों की सप्लाई के बाद कमर्शियल सिलेंडर सिर्फ अस्पताल, सेना-पुलिस की कैंटीन, रेलवे स्टेशन और एयरपोर्ट स्थित कैंटीन, बस स्टैंड स्थित भोजनालय को ही मिलेंगे। हालांकि, खाद्य विभाग को जरूरत के हिसाब से ऑयल कंपनियों को लिस्ट देना होगी। दूसरी ओर होटल, मैरिज गार्डन, सराफा कारीगरों के साथ भोपाल और इंदौर मेट्रो को कमर्शियल सिलेंडर नहीं मिल सकेंगे। दोनों ही शहरों में मेट्रो का काम चल रहा है, जिसमें वेल्डिंग के लिए एलपीजी का उपयोग होता है। छिंदवाड़ा के एक कैटरर्स का कहना है कि शादियों में गैस भट्टी पर रोक के कारण डीजल भट्टी से खाना बनाया जा रहा है। जिम्मेदार दावा कर रहे हैं कि घरेलू गैस सिलेंडर की सप्लाई में कोई दिक्कत नहीं है, लेकिन हकीकत में लंबी वेटिंग है। भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, जबलपुर समेत पूरे प्रदेश में लंबी वेटिंग है। भोपाल के 5 नंबर इलाके में इसके लिए भीड़ देखी गई। टीटी नगर इलाके में तो सिलेंडर के लिए भाग-दौड़ भी हो चुकी है। इंदौर में कमर्शियल सिलेंडर के संकट के बीच खाद्य विभाग के अधिकारी ने लकड़ी, कंडा, कोयला जैसे पारंपरिक ईंधन जलाने पर जोर दिया है। वहीं भोपाल में भी डीजल भट्ठी का उपयोग करने की बात कही जा रही है।

# कमरे से दंपती के सड़े हुए शव मिले

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**गुना, एजेंसी।** गुना के रूठियाई इलाके में गुरुवार दोपहर पति-पत्नी की लाश मिली है। लाश तीन से चार दिन पुरानी बताई जा रही है। पूरी तरह काली पड़ने के साथ ही बॉडी डीकंपोज होने लगी थी। प्रारंभिक जानकारी अनुसार, आशंका है कि पति ने पहले पत्नी की हत्या की होगी, फिर खुद सुसाइड किया होगा।



धरनावदा थाना प्रभारी SI प्रभात कटारे ने बताया कि मृत युवक का नाम सूरज सहरिया (24) है। वह बजरंगगढ़ की बीस भुजा कॉलोनी का रहने वाला था। वहीं युवती का नाम आरती है। उसकी गुमशुदगी का मामला बजरंगगढ़ थाने में दर्ज है। दोनों रूठियाई में ईंट भट्टों के पास बने कमरे में रह रहे थे। सूरज का भाई पास ही दूसरे ईंट भट्टे पर रहता है। पिछले दो दिन से दोनों दिखाई नहीं दिए। बुधवार रात भाई ने कमरे का दरवाजा खटखटाया, लेकिन कोई जवाब नहीं आया, तो वह वापस चला गया। आज (गुरुवार) सुबह भाई फिर कमरे पर गया और दरवाजा खटखटाया, लेकिन अंदर से कोई आवाज नहीं आई। इसे देखकर उसे शक हुआ। उसने गेट तोड़कर अंदर देखा। कमरे के अंदर युवती की बॉडी जमीन पर पड़ी थी, जबकि युवक का शव फंदे पर लटका हुआ था। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। पहले यह जानकारी सामने आई थी कि दोनों लिव इन में रह रहे थे। लेकिन, युवक के बड़े भाई विनोद ने बताया कि दोनों ने लगभग छह महीने पहले शादी कर ली थी। उसने मुझे आकर फोटो दिखाई थी कि टेंशन मत ले मैंने शादी कर ली है।

# 30-31 मार्च को युवा विधायकों का सम्मेलन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** भोपाल में 30 और 31 मार्च को राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश के युवा विधायक जुटेंगे। भोपाल में विधानसभा के विधान परिषद भवन में युवा विधायक सम्मेलन में तीन राज्यों के युवा विधायक दो दिनों तक संसदीय प्रणाली पर विचार मंथन होगा। विधानसभा के प्रमुख सचिव अरविंद शर्मा ने बताया कि युवा विधायक सम्मेलन की तैयारी चल रही है। करीब 70 से 80 युवा विधायक इस सम्मेलन में शामिल होंगे। राजस्थान और छत्तीसगढ़ से इस सम्मेलन में शामिल होने वाले युवा विधायकों की लिस्ट मांगी है। विधानसभा सचिवालय की मानें तो भोपाल में होने वाले युवा विधायक सम्मेलन में करीब 45 साल से कम उम्र के विधायक शामिल होंगे। विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर और प्रमुख सचिव अरविंद शर्मा इस सम्मेलन की तैयारियों पर बारीकी से नजर बनाए हुए हैं।

# दिनदहाड़े डकैती, 1.60 लाख रुपए और बंदूक ले उड़े

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खंडवा, एजेंसी।** खंडवा जिले के नर्मदानगर थाना क्षेत्र के पामाखेड़ी गांव में गुरुवार सुबह 6 बजे स्कॉर्पियो सवार 8 बदमाशों ने एक किसान के घर लूट की वारदात को अंजाम दिया है। बदमाशों ने घर के 3 चौकीदारों को बंधक बनाकर 1 लाख 60 हजार रुपए नकद और एक 12 बोर की बंदूक लूट ली। पुलिस मामले की जांच कर रही है और बदमाशों की तलाश शुरू कर दी गई है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, लूट की यह वारदात पामाखेड़ी गांव के रहने वाले संपन्न किसान ललित सोलंकी के घर हुई है। गुरुवार सुबह करीब 6 बजे स्कॉर्पियो से आए 8 बदमाशों ने घर में घुसकर सबसे पहले तीन चौकीदारों के साथ मारपीट की। इसके बाद बदमाशों ने उन्हें बंधक बना लिया और कमरों में जाकर अलमारियों के ताले तोड़कर 1.60 लाख रुपए नकद व 12 बोर की बंदूक अपने कब्जे में ले ली।

# सिलिंडर संकट पर कांग्रेस मैदान में, ब्लॉक स्तर पर तैनात होंगे नेता

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। ईरान-इस्राइल युद्ध के बीच एलपीजी गैस की सप्लाई को लेकर बन रही स्थिति और कमर्शियल गैस की परेशानी के बीच अब कांग्रेस भी मैदान में उतरने की तैयारी में है। कांग्रेस ने एलान किया है कि लोगों को गैस सिलिंडर से जुड़ी दिक्कतों में मदद देने के लिए पार्टी ब्लॉक स्तर पर अपने नेताओं और कार्यकर्ताओं को तैनात करेगी।**



मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जितेंद्र (जीतू) पटवारी ने कहा कि मौजूदा हालात को देखते हुए पार्टी इसे देश का संकट मान रही है। ऐसे में कांग्रेस के कार्यकर्ता और नेता ब्लॉक स्तर पर लोगों की मदद के लिए तैनात किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि हर ब्लॉक में एक-एक जिम्मेदार नेता को इस काम के लिए नियुक्त किया जाएगा।

पटवारी ने कहा कि इस व्यवस्था के तहत जो नेता और कार्यकर्ता लोगों की मदद के लिए जिम्मेदारी संभालेंगे, उनकी सूची जल्द ही जारी कर दी जाएगी। इन नेताओं का काम गैस सिलिंडर को लेकर आ रही समस्याओं में आम लोगों की मदद करना होगा। पटवारी ने केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि मौजूदा हालात केंद्र सरकार की विदेश नीति की विफलता का नतीजा हैं। उनकी गलत नीतियों की वजह से आज देश में गैस सिलिंडर को लेकर संकट जैसी स्थिति बन रही है और आम लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है।

पटवारी ने कहा कि कमर्शियल गैस सिलिंडर की सप्लाई प्रभावित होने से छोटे होटल, ढाबे और अन्य कारोबारियों के सामने रोजगार का संकट खड़ा हो सकता है। इससे हजारों लोगों की रोजी-रोटी पर असर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इस स्थिति में आम लोगों के साथ खड़ी है और जरूरत पड़ने पर पार्टी कार्यकर्ता हर स्तर पर लोगों की मदद करेंगे। पटवारी ने आरोप लगाया कि प्रदेश में जो लाडली बहनों को 1500 रुपए दिए जा रहे हैं, उतने का सिलेंडर जनता को मिल रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि स्थिति पर ध्यान नहीं दिया गया, तो पेट्रोल की कालाबाजारी भी शुरुआत मध्य प्रदेश में भी हो सकती है।

## संपादकीय

# विजन 2047: भविष्य के युद्धों के लिए अभेद्य कवच

सशस्त्र सेनाओं के लिए जो विजन 2047 स्ट्रैटजिक रोडमैप तैयार किया गया है, उससे इसके ढांचे में पूरी तरह से बदलाव होने वाला है। आने वाले दशकों में सशस्त्र सेनाओं की जरूरतों को देखते हुए और भविष्य की हर चुनौतियों से निपटने के लिए इसका ताना-बाना बुना गया है। मसलन, भारतीय सशस्त्र सेनाओं के लिए नई ड्रोन फोर्स गठित करने का लक्ष्य है। इसी तरह से डेटा फोर्स, कॉग्निटिव वॉरफेयर ऐक्शन फोर्स और एक मिलिट्री जियो स्पैटियल एजेंसी (भू-स्थानिक एजेंसी) बनाने की भी तैयारी है। यह योजनाएं एक साल तक चली आंतरिक चर्चाओं और तमाम स्टेकहोल्डर्स से मिले इनपुट के आधार पर तैयार हुई हैं। यही नहीं, साल 2030 से 2040 के बीच प्रोजेक्ट सुदर्शन चक्र को पूरा कर लेने का भी लक्ष्य रखा गया है। यह देश के सामरिक और नागरिक ठिकानों की सुरक्षा के लिए बहु-स्तरीय डिफेंस सिस्टम है, जिसकी घोषणा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 अगस्त, 2025 को लाल किले के प्राचीर से की थी। भविष्य के युद्ध फुर्ती, गति और सटीकता से परिभाषित होंगे। इसीलिए, हमें परंपरागत और उभरते खतरों से प्रभावी तौर पर निपटने के लिए क्षमता विकसित करने की जरूरत पड़ेगी। भारतीय सशस्त्र सेनाओं के लिए 2047 का रोडमैप। 2047 के रोडमैप में स्वदेशीकरण और घरेलू रक्षा उद्योगों पर बहुत ही ज्यादा जोर दिया गया है। विशेष और जटिल प्रणालियों के स्वदेशी अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देना इस रोडमैप के केंद्र में है। सशस्त्र सेनाएं निकट भविष्य में दोहरे उपयोग वाले इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करने की दिशा में भी सोच रही है। आने वाले वर्षों में डेटा फोर्स और ड्रोन फोर्स का गठन। जियो स्पैटियल एजेंसी (भू-स्थानिक एजेंसी) बनाने की भी योजना। इससे हवा और अंतरिक्ष से दुश्मन की गतिविधियों की मॉनिटरिंग, ट्रैकिंग और निर्धारित लक्ष्यों को टारगेट करने में मदद मिलेगी। कॉग्निटिव वॉरफेयर ऐक्शन फोर्स-इसकी मदद से सूचना और मनोवैज्ञानिक युद्ध लड़ने में सहायता मिलेगी। इसके अलावा सशस्त्र सेनाएं स्पेस और साइबर युद्ध के लिए दो नए कमांड बनाने की भी योजना तैयार की है। सशस्त्र सेनाओं में निजी क्षेत्र के बेहतरीन हुनरमंद लोगों को लेटरल एंट्री से शामिल किए जाने की संभावना है। टेरिटोरियल आर्मी का सशस्त्र सेनाओं में बेहतर बेहतर उपयोग अग्निवीर योजना को नई जरूरतों के अनुसार नए स्वरूप में ढालना।

## महिला जगत

# ये हैं दुनिया की सबसे प्रभावशाली महिलाएं, जिनका असर पूरी दुनिया पर पड़ता है



**महिलाएं अब केवल घर और परिवार तक सीमित नहीं हैं, बल्कि राजनीति, व्यापार, टेक्नोलॉजी और सामाजिक क्षेत्रों में भी अपनी मजबूत पहचान बना रही हैं। दुनिया में कई ऐसी महिलाएं हैं जिनके फैसलों और काम का प्रभाव सिर्फ उनके देश तक ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया पर पड़ता है। इन महिलाओं ने अपनी मेहनत, नेतृत्व क्षमता और दूरदर्शिता से यह साबित कर दिया है कि वे किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से कम नहीं हैं। राजनीति, अर्थव्यवस्था, बिजनेस और समाज सेवा जैसे क्षेत्रों में उनका योगदान पूरी दुनिया के लिए प्रेरणा है। आइए जानते हैं ऐसी ही दुनिया की 5 सबसे ताकतवर महिलाओं के बारे में जिनका प्रभाव वैश्विक स्तर पर देखा जाता है।**

### उर्सुला वॉन डेर लेयेन



पदः यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष

उर्सुला वॉन डेर लेयेन यूरोप की सबसे शक्तिशाली नेताओं में से एक मानी जाती हैं। वह यूरोपियन कमिशन की अध्यक्ष हैं और पूरे यूरोपीय संघ की नीतियों को प्रभावित करती हैं। उनके निर्णयों का असर यूरोप ही नहीं बल्कि दुनिया की राजनीति और अर्थव्यवस्था पर भी पड़ता है।

यूरोप की आर्थिक और राजनीतिक नीतियों में अहम भूमिका
जलवायु परिवर्तन और डिजिटल परिवर्तन पर काम
वैश्विक कूटनीति में सक्रिय भूमिका

### कमला हैरिस



पदः अमेरिका की उपराष्ट्रपति

कमला हैरिस संयुक्त राज्य अमेरिका की पहली महिला उपराष्ट्रपति हैं। वह United States की राजनीति में एक ऐतिहासिक और प्रभावशाली व्यक्तित्व मानी जाती हैं।

अमेरिका की पहली महिला, अश्वेत और एशियाई मूल की उपराष्ट्रपति
वैश्विक कूटनीति और नीति निर्माण में भूमिका
महिलाओं और सामाजिक न्याय के मुद्दों पर सक्रिय

### क्रिस्टीन लेगार्ड



पदः यूरोपीय सेंट्रल बैंक की अध्यक्ष

क्रिस्टीन लेगार्ड वैश्विक अर्थव्यवस्था की सबसे प्रभावशाली महिलाओं में से एक हैं। वह यूरोपियन सेंट्रल बैंक की प्रमुख हैं और यूरो क्षेत्र की मौद्रिक नीति तय करने में अहम भूमिका निभाती हैं।

पहले अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोश की मैनेजिंग डायरेक्टर रह चुकी हैं
वैश्विक आर्थिक नीतियों पर गहरा प्रभाव
वित्तीय स्थिरता और आर्थिक सुधारों में योगदान

### मैरी बारा



पदः सीइओ, जनरल मोटर्स

मैरी बारा दुनिया की सबसे प्रभावशाली बिजनेस महिलाओं में गिनी जाती हैं। वह दुनिया की सबसे बड़ी ऑटोमोबाइल कंपनियों में से एक जनरल मोटर्स की सीईओ हैं।

इलेक्ट्रिक वाहन तकनीक को बढ़ावा
ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री में बड़ा बदलाव
दुनिया की टॉप बिजनेस लीडर्स में शामिल

## New Delhi

# फर्जी मेडिकल वीजा पर दिल्ली में रह रहे थे 10 बांग्लादेशी, पुलिस ने दबोचा

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** दिल्ली पुलिस के बाहरी जिले की 'फॉरेनर सेल' ने अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिकों के खिलाफ एक बड़ा अभियान चलाया है. इस विशेष अभियान के तहत पुलिस ने 10 बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा है, जो फर्जी मेडिकल वीजा के सहारे भारत में रह रहे थे और यहां से यूरोप जाने की योजना बना रहे थे.

पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ विदेशी नागरिक अपने भारतीय वीजा की अवधि खत्म होने के बाद भी अवैध रूप से इलाके में छिपे हुए हैं. सूचना के आधार पर 6 मार्च, 2026 को फॉरेनर सेल की टीम ने



पीरागढ़ी चौक के पास स्थित डीडीए पार्क की घेराबंदी की. पुलिस की मौजूदगी भांपते ही संदिग्धों ने भागने की कोशिश की, लेकिन मुस्तैद टीम ने उन्हें चारों ओर से घेरकर पकड़ लिया. तलाशी के दौरान इनमें से कोई भी व्यक्ति वैध पहचान पत्र या भारत में रहने के जरूरी दस्तावेज पेश नहीं कर सका.

पूछताछ में खुलासा हुआ कि ये सभी 10 बांग्लादेशी नागरिक भारत का इस्तेमाल एक 'ट्रांजिट पॉइंट' के रूप में कर रहे थे. इनका असल मकसद भारत में रहते हुए बुल्गारिया के लिए मेडिकल वीजा हासिल करना था. जांच में पता चला कि इनके पासपोर्ट और वीजा काफी समय पहले ही एक्सपायर हो चुके थे, जिसके बाद से ये दिल्ली में अवैध रूप से रह रहे थे.

## Uttarpradesh

### LPG संकट के बीच हापुड़ में एक घर से मिले 55 भरे गैस सिलेंडर, खुली जमाखोरी की परतें



**हापुड़, (एजेंसी)** एक तरफ आम लोग रसोई गैस के लिए एजेंसियों के चक्कर लगा रहे हैं, दूसरी तरफ उसी गैस को बड़ी मात्रा में छिपाकर रखने का मामला सामने आने से हड़कंप मच गया है. हापुड़ में प्रशासन की छापेमारी में एक नेता अब्दुल रेहान के घर से 55 भरे हुए एलपीजी गैस सिलेंडर बरामद किए गए हैं. यह कार्रवाई उस समय हुई है जब इलाके में गैस की किल्लत की शिकायतें लगातार सामने आ रही थीं. प्रशासन का कहना है कि प्रारंभिक जांच में मामला गैस सिलेंडरों की अवैध जमाखोरी से जुड़ा प्रतीत हो रहा है. वहीं स्थानीय लोगों का आरोप है कि जब आम नागरिक गैस सिलेंडर के लिए परेशान हो रहे हैं, उसी दौरान कुछ लोग इस संकट का फायदा उठाकर कालाबाजारी और जमाखोरी का खेल खेल रहे हैं. जानकारी के मुताबिक, पिछले कुछ दिनों से प्रशासन को इलाके में एलपीजी गैस की किल्लत और कालाबाजारी की शिकायतें मिल रही थीं. कई लोगों का कहना है कि गैस एजेंसियों से सिलेंडर समय पर नहीं मिल रहे और कुछ स्थानों पर ऊंचे दामों पर सिलेंडर बेचे जा रहे हैं. इसी सिलसिले में प्रशासन ने जांच शुरू की और संदिग्ध ठिकानों पर नजर रखी. इसी दौरान अधिकारियों को जानकारी मिली कि एक नेता अब्दुल रेहान के घर पर बड़ी संख्या में गैस सिलेंडर जमा किए गए हैं. सूचना मिलने के बाद प्रशासन और संबंधित विभाग की टीम ने संयुक्त रूप से छापेमारी की कार्रवाई की.

## Bihar

### 32 लाख कैश और सोने-चांदी के गहने फेंकते पकड़ा गया, एसवीयू रेड से बौखलाया इंजीनियर

**पटना, (एजेंसी)** विशेष निगरानी इकाई (एसवीयू) ने बिहार मेडिकल सर्विसेज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीएमएसआईसीएल) के उप महाप्रबंधक (प्रोजेक्ट) पंकज कुमार के पटना स्थित कार्यालय और आवास सहित तीन ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। इस दौरान डीजीएम के कदमकुआं स्थित आवास से 1.31 करोड़ रुपये के सोने, चांदी व हीरे के आभूषण और करीब 32 लाख रुपये नकद सहित निवेश संबंधित कई दस्तावेज बरामद हुए हैं। एसवीयू के मुताबिक आरोपी जांच टीम को देख कर बौखला गया और आनन-फानन में घर में रखे आभूषण और नकदी को खिड़की से बाहर फेंकने लगा, जिसे जब्त कर लिया गया है। एसवीयू थाने में पंकज कुमार के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति मामले में प्राथमिकी दर्ज कर छानबीन शुरू की गई है। एसवीयू टीम ने गुरुवार को कोर्ट से अनुमति लेकर डीजीएम के ठिकानों को खंगाला। जांच एजेंसी के मुताबिक डीजीएम एवं उनकी पत्नी के नाम से अचल संपत्ति के कई दस्तावेज मिले हैं।

## New Delhi

# बंगाल चुनाव में पहली बार ईसी ने उठाया ये कदम

### रिटर्निंग अफसरों पर बड़ा फैसला, अब किनकी तैनाती

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल में पहली बार देश के अन्य हिस्सों की तरह 152 चुनाव क्षेत्रों में SDM या उसके बराबर या उससे ऊंचे लेवल के अधिकारियों को को रिटर्निंग ऑफिसर्स यानी निर्वाचन अधिकारी के पद पर अपग्रेड कर तैनाती को मंजूरी दी है। चुनाव आयोग की तरफ से आज (गुरुवार, 12 मार्च को) जारी एक नोटिफिकेशन में राज्य के सभी 294 विधानसभा क्षेत्रों में SDM या उसके बराबर या उससे ऊंचे लेवल के रिटर्निंग ऑफिसर्स की लिस्ट जारी किए गए हैं। अधिकारियों के अनुसार, यह कदम तब उठाया गया, जब चुनाव आयोग ने इस बात पर जोर दिया कि राज्य सरकार निर्वाचन अधिकारी के रूप में कार्य करने के लिए उचित रैंक के अधिकारियों को नामित करे, जो चुनाव कराने के लिए एक अनिवार्य शर्त है। इसके बाद, राज्य प्रशासन ने पात्र अधिकारियों की एक संशोधित सूची सौंपी, जिससे आयोग के लिए इन नियुक्तियों का रास्ता साफ हो गया। निर्वाचन अधिकारी चुनाव प्रक्रिया में मुख्य भूमिका निभाते हैं। अपने निर्वाचन क्षेत्रों में नामांकन प्रक्रिया की निगरानी, उम्मीदवारों के दस्तावेजों की जांच, मतदान की व्यवस्था, वोटों की गिनती और परिणामों की घोषणा जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निर्वाचन अधिकारी के कंधों पर ही होती हैं।

## खेल

# श्रीलंका दौरे पर टी20 सीरीज भी खेल सकता है भारत व्यस्त कार्यक्रम के बीच आयरलैंड दौरा भी संभव

**नई दिल्ली। टी20 विश्व कप की चैंपियन भारतीय टीम श्रीलंका दौरे पर टी20 सीरीज भी खेल सकती है। अगले 12 महीने में व्यस्त अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम के बावजूद भारतीय टीम आयरलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज खेल सकती है। समाचार एजेंसी आईएएनएस के अनुसार, प्रस्तावित मैच निर्धारित द्विपक्षीय दौरे और टूर्नामेंट्स के साथ ही होंगी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) श्रीलंका दौरे के दौरान तीन टी20 सीरीज भी खेलने का प्लान बनाने पर विचार कर रही है।**



### बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए फंड जुटाना चाहता है श्रीलंका

ये टी20 सीरीज दो मैचों की टेस्ट सीरीज से पहले होंगे जो विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) का हिस्सा है। टेस्ट सीरीज जुलाई-अगस्त में होनी है। दरअसल, टी20 सीरीज खेलना श्रीलंका क्रिकेट की ओर से प्रस्तावित है। श्रीलंका क्रिकेट ने बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए फंड जुटाने की योजना से इस टी20 सीरीज का प्रस्ताव रखा है। पिछले साल नवंबर में श्रीलंका में दितवाह तूफान आया था जिस कारण कई क्षेत्र में काफी नुकसान हुआ था।

सूर्यकुमार यादव की अगुआई वाली भारतीय टी20 टीम श्रीलंका दौरे की शुरुआत तीन मैचों की टी20 सीरीज से कर सकती है। इसके बाद दो मैचों की टेस्ट सीरीज होगी। श्रीलंका दौरे पर जाने से पहले भारत को इंग्लैंड में एक से 19 जुलाई तक तीन वनडे और पांच टी20 मैच खेलने हैं। हालांकि, इससे पहले टीम आयरलैंड जा सकती है और तीन मैचों की टी20 सीरीज के लिए चर्चा जारी है। सूत्रों के अनुसार, बीसीसीआई और क्रिकेट आयरलैंड के बीच सीरीज को लेकर चर्चा चल रही है। अगर सबकुछ तय रहा तो ये सीरीज जून के आखिरी सप्ताह में हो सकती है। भारत ने 2018, 2022 और 2023 में द्विपक्षीय सीरीज के लिए आयरलैंड का दौरा किया था। आयरलैंड क्रिकेट को विकसित करने के उद्देश्य से भारतीय टीम ये सीरीज खेलती है। आयरलैंड के खिलाफ सीरीज अफगानिस्तान के खिलाफ एक टेस्ट और तीन वनडे मैचों की सीरीज के बाद आयोजित हो सकती है।

## सिनेमा

### सोहेल से तलाक के बाद हंसिका मोटवानी ने शेयर किया क्रिप्टिक पोस्ट, लिखा- 'चढ़दी काला', जानें- क्या है इसका मतलब



एक्ट्रेस हंसिका मोटवानी इन दिनों अपनी निजी जिंदगी को लेकर काफी सुर्खियों में बनी हुई हैं। जयपुर में भव्य शादी के लगभग तीन साल बाद हंसिका मोटवानी और सोहेल कथूरिया ने आधिकारिक तौर पर अपना तलाक ले लिया है। इस खबर ने हंसिका को फैंस को काफी निराश किया। दोनों के इस फैसले को मुंबई के बांद्रा परिवार न्यायालय ने दोनों को तलाक की मंजूरी दे दी है। ऐसे में अब तलाक के कुछ दिनों बाद, एक्ट्रेस हंसिका ने सोशल मीडिया पर एक क्रिप्टिक पोस्ट शेयर किया है, जो काफी वायरल हो रहा है। दरअसल, सोहेल कथूरिया से तलाक के कुछ दिनों बाद हंसिका मोटवानी ने पोस्ट शेयर किया है। हंसिका ने गुरुवार शाम को अपने इंस्टाग्राम हैंडल के स्टोरीज सेक्शन में एक पोस्ट शेयर किया है, जिसमें लिखा था, 'हमेशा चढ़दी कला में।' जिन लोगों को नहीं पता, उनके लिए बता दें कि 'चढ़दी कला' एक सिख अवधारणा है, जिसका मतलब है हमेशा आशावादी, मजबूत और ऊंचे हौसले वाली स्थिति में रहना, भले ही कितनी भी मुश्किलें क्यों न हों। इस पोस्ट से साफ है कि हंसिका भले ही इस वक्त मुश्किल दौर से गुजर रही हैं, लेकिन उन्होंने हिम्मत नहीं हारी। हंसिका मोटवानी और सोहेल खतूरिया ने दिसंबर 2022 में जयपुर के मुंडोता फोर्ट एंड पैलेस में एक ग्रैंड शादी की थी।

## Highlights


1. **Notion that India became authoritarian under BJP total bullsh*t: Ex-Australian PM Abbott**
2. **Which states recorded most cancer cases in 2025?**
3. **Waiting period to book LPG cylinder increased to 45 days in rural areas**
4. **Raisina Dialogue in Delhi better than summit in Davos: Ex-Australian PM Tony Abbott**

# Adobe CEO Shantanu Narayen's resignation shows how AI takes its toll

**NEW DEIHI, (Agency).** Shantanu Narayen, chief executive of Adobe Inc. and one of the longest-serving leaders in Silicon Valley, has resigned, amid deepening investor scepticism over existence in an AI era.

Narayen, 62, will remain as Adobe CEO until a successor is appointed and will continue to serve as board chairman, the San Jose, California-based company said in a statement. The surprise transition overshadows a quarterly fiscal report that beat analyst estimates but failed to calm nerves about a stock that has been in a freefall for much of the last two years.

The shares tumbled about 7% in extended trading following the announcement. The stock has declined roughly 23% in 2026 alone, hitting its lowest levels in three years as "AI upstarts" threaten the dominance of flagship products like



Photoshop and Illustrator. Narayen's 18-year tenure is viewed as legendary within the software industry. Since taking the helm at the end of 2007, he transformed Adobe from a seller of boxed desktop software into a subscription-based powerhouse. Revenue growth: Annual sales multiplied nearly sixfold during his leadership, reaching approximately $24 billion. Workforce: The company expanded from 7,000 employees to more than 30,000. Legacy: Microsoft Corp. CEO Satya Nadella praised Narayen for a "legendary run", while Figma Inc. CEO Dylan Field described him as "relentless in pursuit of Adobe's vision". Despite these accolades, the market's "what have you done for me lately" attitude with regard to AI has weighed heavily on Narayen. While Adobe has aggressively integrated its Firefly AI models into its suite, competitors ranging from Google to nimble startups are offering cheaper, automated ways to generate visual media that bypass Adobe's premium price tags.

# BuzzFeed flags 'going-concern' risks, explores options to stave off insolvency

**NEW DEIHI, (Agency).** BuzzFeed Inc. is exploring strategic options to help offset financial challenges and that there is "substantial doubt" about the media company's ability to stay in business.

"While we've significantly reduced operating costs and real estate obligations, we're still facing legacy commitments that are burdening the business," Chief Financial Officer Matt Omer said in a statement on Thursday (12 March 2026). "We're exploring strategic




options to complete the work we started years ago and position the company to operate profitably on a sustainable basis." The media company reported its fourth-quarter financial results on Thursday, but said it was withholding guidance for 2026 as it considered these opportunities. BuzzFeed, which owns news outlet HuffPost and the Tasty cooking website, has struggled financially since going public in 2021. The BuzzFeed site was once a go-to destination for viral quizzes, news, video content, recipes and lifestyle tips.

"We believe there is a gap between the value of our individual assets and our market capitalisation that suggests significant unrecognised upside," founder and Chief Executive Officer Jonah Peretti said. "In 2026, our focus is demonstrating the value of our brands, Studio IP, and new AI apps to the market, and we're actively exploring strategic options to close that value gap."

केले से भरा आयशर ट्रक से टकराया

# ड्राइवर-क्लीनर की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। कनाडिया थाना क्षेत्र में बिचोली हाप्सी ब्रिज पर बुधवार देर रात सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। केले से भरा आयशर वाहन हाईवे पर खड़े ट्रक से पीछे से टकरा गया। टक्कर में आयशर चालक और क्लीनर की मौके पर ही मौत हो गई।**



पुलिस के अनुसार आयशर वाहन राऊ की ओर से देवास की तरफ जा रहा था। इसी दौरान बिचोली हाप्सी ब्रिज के पास सड़क किनारे खड़े ट्रक से उसकी तेज टक्कर हो गई। हादसे के समय ट्रक पर एक जेसीबी मशीन खड़ी थी। टक्कर इतनी तेज थी कि आयशर का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार दोनों लोग केबिन में फंस गए। हादसे में आयशर चालक रमेश उर्फ राजेश पुत्र फूलचंद गोयल निवासी बड़वानी और क्लीनर राजू उर्फ राजेश निवासी बोधवाड़ा, धार की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर कनाडिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची। वाहन बुरी तरह फंस जाने के कारण शव निकालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। करीब देर तक रेस्क्यू ऑपरेशन चला और तीन जेसीबी व क्रेन की मदद से दोनों शव बाहर निकाले गए। शुरुआती जानकारी के अनुसार देर रात क्षेत्र में अंधेरा होने के कारण चालक को सड़क पर खड़ा ट्रक और जेसीबी दिखाई नहीं दी। पुलिस के मुताबिक दोनों वाहन बायपास पर गलत तरीके से खड़े थे। ट्रक और जेसीबी को जब्त कर लिया गया है।

## होटल में घुसकर बदमाशों ने की मारपीट, दी धमकी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। शहर के हीरानगर थाना क्षेत्र में होटल में घुसकर मारपीट और धमकी देने का मामला सामने आया है। आरोपियों ने होटल कर्मचारी को चाकू दिखाकर हर महीने 5 हजार रुपए देने की मांग की और मना करने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मंगलवार को तीन आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक अखिलेश सतवई (27) निवासी 136, स्कीम नंबर कबीटखेड़ी, होटल रॉयल स्टेट में काम करते हैं। उन्होंने शिकायत में बताया कि 10 मार्च की रात करीब 9 बजे अंकित पुत्र हिंदू सिंह अपने दो साथियों के साथ होटल में कमरा लेने पहुंचा। आरोपियों ने कमरे का किराया पूछा तो अखिलेश ने 1 हजार रुपए बताया। इस पर आरोपियों ने 700 रुपए में दो कमरे देने का दबाव बनाया, लेकिन मना करने पर विवाद शुरू हो गया। इसी दौरान अंकित ने जेब से चाकू निकाल लिया और गाली-गलौज करते हुए धमकाने लगा। उसके साथ आए अन्य दो युवकों ने भी अखिलेश के साथ हाथ-मुक्कों से मारपीट की। आरोप है कि बदमाशों ने कहा कि यदि होटल चलाना है तो हर महीने 5 हजार रुपए देने होंगे, नहीं तो जान से खत्म कर देंगे। इसके बाद जब पीड़ित ने अपने सेठ नितेश को फोन लगाया तो तीनों आरोपी वहां से भाग गए। जाते-जाते भी उन्होंने पैसे नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी।

## महिला आईएएस फार्म हाउस जुआकांड में नपे टीआई सहित तीन अफसर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। **महू में महिला आईएएस के फार्म हाउस पर चल रहे जुआकांड में थाना प्रभारी सहित तीन पुलिस अफसर निलंबित हो गए हैं। सूचना के बाद भी संबंधित थाने के अफसर देरी से पहुंचे थे। फार्म हाउस से मुख्य आरोपी सहित पांच लोग तब तक फरार हो चुके थे।**

पुलिस ने फार्म हाउस से 18 जुआरियों को पकड़ा है, जिनमें ज्यादातर संभ्रांत परिवारों के हैं। यह फार्म महिला आईएएस वंदना वैद्य का है। उन्होंने जो चौकीदार रखा था, उसने मुख्य आरोपी जगदीश राठौर को एक दिन के किराए पर जुआ खेलने के लिए दिया था। पुलिस ने चौकीदार को भी आरोपी बनाया है। महू के समीप अलवीपुरा में आईएएस वंदना वैद्य के फार्म हाउस पर पुलिस ने छापा मारकर 18 जुआरियों को जुआ खेलते रंगे हाथों गिरफ्तार किया था, जबकि पांच आरोपी मौके से भाग गए। इनमें जुआ खिलवाने वाला मुख्य आरोपी जगदीश राठौर उर्फ कूबड़ा है। वह जगह बदल-बदल कर लोगों को जुआ खिलवाता है। पकड़े गए आरोपियों को पुलिस ने एसडीएम कोर्ट में पेश किया। मानपुर क्षेत्र में फार्म हाउस पर चल रहे जुए की खबर अफसरों को पहले से थी, फिर भी समय रहते एक्शन नहीं लिया गया। इस मामले में मानपुर थाना प्रभारी लोकेंद्र सिंह हिरवे, एसआई मिथुन ओसारी और एए सआई रेशम गिरवाल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

## पत्नी बेटे के साथ मायके में थी, जान दी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। द्वारकापुरी थाना क्षेत्र में मंगलवार को एक युवक ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय वह घर में अकेला था। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक घटना ऋषि पैलेस कॉलोनी की है। यहां रहने वाले सुनील (30) पुत्र हीरालाल नागराज ने अपने घर में फांसी लगा ली। पुलिस के अनुसार रात में जब सुनील के जीजा घर पहुंचे तो दरवाजा नहीं खुला। संदेह होने पर अंदर देखा गया, जहां सुनील फंदे पर लटका मिला। परिवार के मुताबिक सुनील बैटरी का काम करता था। घटना से पहले वह सोमवार को काम पर भी नहीं गया था। घटना के समय सुनील की पत्नी अपने ढाई साल के बेटे के साथ मायके गई हुई थी। वहीं माता-पिता भी किसी रिश्तेदार के यहां गए थे, जिससे वह घर में अकेला था। परिवार ने पुलिस को बताया कि सुनील चार बहनों का इकलौता भाई था। उसकी सभी बहनों की शादी हो चुकी है।पुलिस के अनुसार कमरे से किसी प्रकार का सुसाइड नोट नहीं मिला है। अभी पत्नी और परिवार के अन्य सदस्यों के बयान नहीं हुए हैं।

शादी से पहले की जांच हो या किसी कोर्ट केस से संबंधित सबूतों की जरूरत....

व्यक्तिगत-व्यापारिक जीवन में कोई शंका या सबूत की जरूरत.....

कहीं किसी के द्वारा धोखा या छल तो नहीं किया जा रहा...

जांचिए ! परखिये !!

ऐसे सारी परिस्थितियों के लिए

"डिटेक्टिव" को अपना मित्र बनाए ...

गोपनीयता और विश्वनीयता के साथ जांच करवाएं.....तब निर्णय करें।

समाज में जागरुकता फैलाये।

FOLLOW US

DETECTIVE GROUP

Detecting the truth.

091110 50101 | www.detectivegroup.in | www.detectivesgroup.com

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।

इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक